# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001
email- jdajodhpur@yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656355-7 Fax 021-2612086


कमांक/टीसीबी/2016/332

दिनांक :: 04 अक्टूबर, 2016

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 3 अक्टूबर, 2016 को प्रातः 11.00 बजे श्री कैलाशचन्द्र मीणा, आई.ए.एस., जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 27 जुलाई, 2016 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि**

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की गत बैठक दिनांक 27 जुलाई, 2016 का कार्यवाही विवरण दिनांक 2 अगस्त, 2016 को जारी हुआ था, की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में शहर के विभिन्न स्थानों पर रोड कट्स/डिवाईडर आदि पर निर्णय लेने हेतु तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसके द्वारा दिनांक 2 अगस्त, 2016 बाद निरीक्षण अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। निरीक्षण रिपोर्ट पर समिति द्वारा विचार विमर्श किया गया एवं यातायात कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने का निर्णय लिया गया। जो इस प्रकार हैः–

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्य | यातायात कमेटी रिपोर्ट | कार्यवाही हेतु अधिकृत विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | सेक्शन 07 में डीजलशेड होते हुए एम्स तिराहा तक सडक के मध्य डिवाईडर निर्माण हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक रीको को पत्र लिखा गया, जिस पर उन्होंने अवगत कराया है कि उक्त सडक में जेडीए/ पीडब्ल्यूडी को हस्तान्तरित की जा चुकी है, अतः इस संबंध में जेडीए/पीडब्ल्यूडी से पत्राचार किया गया है। | सेक्शन 07 में डीजलशेड होते हुए एम्स तिराहा तक सडक के मध्य डिवाईडर निर्माण हेतु सा.नि.वि. द्वारा प्रस्ताव तैयार कर सक्षम स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया गया है। | सार्वजनिक निर्माण विभाग जोधपुर |
| 2. | पीली टंकी पाली रोड के पास रोड कट् हेतु तकनीकी परीक्षण करवाया जाना है। | प्रस्तावित रोड कट खुलवाने हेतु मौका मुआयना किया गया। प्रथम दृष्टिया कट खुलवाने में कोई आपति नही है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी राष्ट्रीय राज मार्ग खण्ड पाली द्वारा तकनिकी रूप से जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जानी उचित रहेगी। | नेशनल हाईवे ऑर्थोरिटी ऑफ इंडिया पाली |
| 3. | आखलिया चौराया से बोम्बे मोटर्स तक मौका निरीक्षण | रोड का निरीक्षण किया गया। उक्त रोड़ पे किसी भी प्रकार के | कार्यवाही की आवश्यकता नहीं। |



4.10.16

| | | | |
|---|---|---|---|
| | किया जाना है। | कट को खुलवाना तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है। | |
| 4. | मण्डोर मण्डी से किशोर बाग के बीच डिवाईडर के बीच तीन अवैध कट | मण्डोर मण्डी से किशोर बाग के बीच डिवाईडर के बीच तीनों अवैध कट तकनीकी दृष्टि से तुरन्त बन्द करवाये जाने उचित है। | राष्ट्रीय राजमार्ग जोधपुर |
| 5. | एयरफोर्स ऑफिसर मैस से सिविल एयरपोर्ट जाने वाली रोड़ पर सांसी कॉलोनी से पहले मोड़ वाला कट | एयरफोर्स ऑफिसर मैस से सिविल एयरपोर्ट जाने वाली रोड़ पर सांसी कॉलोनी से पहले मोड़ वाले कट को तकनीकी दृष्टि से तुरन्त बंद करवाया जाना उचित है। | जोधपुर विकास प्राधिकरण जोन पूर्व |
| 6. | सेनापति भवन से पीडब्ल्यूडी चौराहा की ओर जोन वाली रोड के बीच में मोटर साईकिल निकालने हेतु बनाया गया छोटा कट। | सेनापति भवन से पीडब्ल्यूडी चौराहा की ओर जोन वाली रोड के बीच में मोटर साईकिल निकालने हेतु बनाया गया छोटा कट तकनीकी दृष्टि सें बंद किया जाना उचित है। | जोधपुर विकास प्राधिकरण जोन पूर्व |
| 7. | पूरी तिराहा से आर.आर. तिराहा की तरफ जाने वाले रास्ते पर चांद शाह तकिया मार्केट के सामने अवैध कट। | पूरी तिराहा से आर.आर. तिराहा की तरफ जाने वाले रास्ते पर चांद शाह तकिया मार्केट के सामने अवैध कट को तकनीकी दृष्टि से बंद किया जाना उचित है। | राष्ट्रीय राजमार्ग जोधपुर |
| 8. | 12वीं रोड चौराहा से 05वीं रोड़ तक 03 कट अवेघ कट। | उक्त रोड़ पर घुमटी वाले कट के अलावा शेष कट को बंद करने हेतु सा.नि.वि. द्वारा शीघ्र कार्यवाही की जानी है। | सार्वजनिक निर्माण विभाग |
| 9. | बिग बाजार के सामने मोड पर 01 अवैध कट | बिग बाजार के सामने मोड पर 01 अवैध कट को शीघ्र बंद किया जाना उचित है। | राष्ट्रीय राजमार्ग जोधपुर |
| 10. | सरदारपुरा सी रोड विजय रस भण्डार के सामने अवैध कट | सरदारपुरा सी रोड़ पर सभी रोड़ कट उचित है एवं विजय रस भण्डार के सामने बरसाती पानी के निकासी हेतु कर्व स्टोन हटाये गये है किन्तु कट खोला नही गया है। | कार्यवाही की आवश्यकता नहीं। |
| 11. | जलजोग चौराहा से 12वीं रोड चौराहा के बीच में संकल्प रेस्टोरेन्ट के सामने अवैध कट | उक्त कट को शीघ्र बंद करवाया जाना उचित है। | राष्ट्रीय राजमार्ग जोधपुर |
| 12. | भट्टी की बावडी से प्रियंका नर्सरी तक 02 अवैध कट | उक्त रोड़ पर सभी अवैध कट को तकनीकी दृष्टि से शीघ्र बंद करवाया जाने उचित है। | जोधपुर विकास प्राधिकरण जोन पश्चिम |
| 13. | न्यू कोहिनूर सिनेमा के सामने 01 कट | न्यू कोहिनूर सिनेमा के सामने कट खोलना तकनीकी दृष्टि से उचित नही है। | कार्यवाही की आवश्यकता नहीं |
| 14. | शास्त्री नगर थाने से आगे काजरी मोड़ से काजरी की तरफ जाते समय बना डिवाईडर कट | उक्त रोड़ पर कट को तकनीकी दृष्टि से बंद कराया जाना उचित है। | रिको |



4-10-16

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | 12वीं रोड चौराहे से 5वीं रोड तक डिवाईडर सडक के बराबर हो जाने से वाहन उपर से निकल जाते है, जिन्हें ऊचा करवाना है। बोम्बे मोटर्स से 12वीं रोड़ के बीच डिवाईडर ऊचा करवाना है। | सा.नि.वि द्वारा डिवाईडर को ऊचा करने का कार्य शीघ्र किया जाना प्रस्तावित है | सार्वजनिक निर्माण विभाग |
| 16. | बोम्बे मोटर्स से 12वीं रोड के बीच डिवाईडर ऊचा करवाना है। | सा.नि.वि द्वारा डिवाईडर को ऊचा करने का कार्य शीघ्र किया जाना प्रस्तावित है | सार्वजनिक निर्माण विभाग |

**प्रस्ताव संख्या 2 :: आखलिया चौराहा पर यातायात व्यवस्था के संबंध में।**

आखलिया चौराहा पर यातायात में कठिनाईयों एवं चौराहे पर बने आईलैण्ड एवं डिवाईडर के संबंध में श्री एस.एम. उस्मान खान कार्यकारी अध्यक्ष, Raj. SGF, 23/292, चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड, जोधपुर के द्वारा पत्र के साथ वर्तमान स्थिति एवं प्रस्तावित ट्राफिक प्लान प्रस्तुत किया। जिस पर समिति ने विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि उपायुक्त–पुलिस (यातायात), प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग का एक एक प्रतिनिधि एवं अधिशाषी अभियन्ता–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर आखलिया चौराहा का निरीक्षण कर अपनी अभिशंषा प्रस्तुत करेंगे जिसके आधार पर अग्रिम निर्णय लिया जा सके।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: माननीय उच्च न्यायालय ने डी.बी.सिविल रिट पिटीशन (पी.आई.एल.) संख्या 5077/2013 विजय भवनानी बनाम राजस्थान स्टेट एवं अन्य में सुनवाई दिनांक 29 सितम्बर, 2016 को पारित आदेश के संबंध में।**

माननीय उच्च न्यायालय ने डी.बी.सिविल रिट पिटीशन (पी.आई.एल.) संख्या 5077/2013 विजय भवनानी बनाम राजस्थान स्टेट एवं अन्य में सुनवाई दिनांक 29 सितम्बर, 2016 को यह निर्देशित किया गया था कि वर्तमान में जो बसे पाल रोड से इण्डस्ट्रीयल एरिया सडक पर आई.टी.आई. सर्किल से होते हुए काजरी के बाहर से संचालित होती है, उनके लिए अन्य उचित स्थान चिन्हित किया जावे। इस संबंध में समिति ने डी.पी.एस. चौराहा से डालीबाई मंदिर जैसलमेर बाईपास रोड पर "पश्चिमी राजस्थान दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ एवं मुख्य चौपासनी रोड के आगे जैसलमेर बाईपास रोड पर वन विभाग की नर्सरी वाली भूमि बाबत विचार विमर्श किया गया। मूलतः उक्त दोनों भूमियां अन्य राजकीय विभागों के स्वामित्व की भूमि होने एवं वर्तमान बसों के ठहराव (काजरी कार्यालय के बाहर) से काफी दूर होने के बैठक में उपस्थित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों के एतराज को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त दोनों स्थानों पर बस स्टेण्ड को स्थापित करने के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी विचार विमर्श किया गया लेकिन कोई उपयुक्त स्थान का चिन्हीकरण समिति के उपस्थित सदस्यों द्वारा नहीं किया जा सका। जिस पर बस संचालकों द्वारा यह अवगत कराया गया कि उनके द्वारा वर्तमान में अपने निजी स्थान से बसें प्रारम्भ की जा रही है एवं बस में सवारियों के लिए ठहराव स्थल जो कि काजरी कार्यालय के बाहर है, वहां पर रूकती है। इस संबंध में उपायुक्त–पुलिस (यातायात) एवं समस्त सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से तय किया गया कि उपरोक्त स्थान (काजरी के पास) पर एक समय में अधिकतम 5 बसें सवारियां लेने के लिए रूकेगी एवं अधिकतम ठहराव का समय 10 मिनिट होगा। बस संचालकों ने अन्य स्थान चिन्हित करने के संबंध में चर्चा करने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय न्यायालय के समक्ष उनके द्वारा पक्षकार बनने का प्रार्थना–पत्र दिया गया है एवं आगामी पेशी दिनांक 7 अक्टूबर, 2016 को उनके अधिवक्ता माननीय न्यायालय में उपस्थित



4.10.16

होंगे। अतः इसके पश्चात् जैसा भी माननीय न्यायालय द्वारा आदेश प्रदान किया जाएगा उसके अनुरूप अग्रिम कार्यवाही की जानी उचित रहेगी।

**प्रस्ताव संख्या 4 :: डीजल शेड रोड पर डिवाईडर लगाने के संबंध मे।**

उपायुक्त–पुलिस (यातायात) द्वारा यह अवगत कराया गया कि डीजल शैड रोड जो जोधपुर डिस्कॉम कार्यालय से प्रारम्भ होती है तथा औद्योगिक क्षैत्रे फलाई ओवर तक जाती है, लगभग 2.5 किलोमीटर लम्बी सडक पर डिवाईडर का कार्य करवाया जाना आवश्यक है जिससे कि यातायात सुचारू रूप से चल सके। इस संबंध में विचार विमर्श के दौरान यह बात सामने आयी कि यह सडक सार्वजनिक निर्माण विभाग की है एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के उपस्थित प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि विभाग द्वारा इस कार्य हेतु तकमीना बनाकर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भिजवाया गया है। विभाग से स्वीकृति प्राप्त होने पर तद्नुसार कार्य करवाया जावेगा। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि स्वीकृति हेतु प्रेषित पत्र की एक प्रति अध्यक्ष महोदय को उपलब्ध करावें ताकि अध्यक्ष महोदय की ओर से राज्य सरकार को अवगत कराया जा सके।

**प्रस्ताव संख्या 5 :: फुटओवर ब्रिज निर्माण के संबंध में।**

वर्तमान में ट्राफिक की अधिकता को देखते हुए समिति द्वारा विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से एक्सकलेटर सहित/एक्सकलेटर रहित फुटओवर ब्रिज निर्माण के लिए निम्नांकित 2 स्थान चिन्हित करने का निर्णय लिया गयाः–

1– जालोरीगेट
2– पावटा चौराहा (मैजर शेतानसिंह सर्कल)

**प्रस्ताव संख्या 6 :: यातायात पुलिस को दस मोटर साईकल उपलब्ध कराने के संबंध में।**

बैठक में बाद विचार विमर्श यह निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति सुदृढ होने पर यातायात पुलिस को दस मोटर साईकल खरीद कर उपलब्ध करवायी जावेगी एवं गत बैठक में जो क्रैन खरीदने का निर्णय लिया गया है, उसे प्रत्याहारित किया जाता है।

**प्रस्ताव संख्या 7 :: ऑटो रिक्शा स्टेण्ड घोषित करने एवं ऑटो रिक्शा स्टेण्ड पर ऑटो रिक्शा की संख्या बढ़ाने के संबंध में।**

जोधपुर ऑटो रिक्शा यूनियन की ओर से एक पत्र पुलिस–उपायुक्त (यातायात) को भिजवाया गया है। जिसकी प्रति बैठक में प्रस्तुत की गयी। जिसमे निम्नलिखित 24 स्थानों पर नये ऑटो रिक्शा स्टेण्ड निर्धारित करने की मांग की गयी है। जो निम्नानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| 1– | सांगरिया बाईपास– 10 ऑटो रिक्शा |
| 2– | धान मण्डी चौक महामंदिर – 5 ऑटो रिक्शा |
| 3– | बासनी रोड पर मेडीप्लस हॉस्पीटल – 5 ऑटो रिक्शा |
| 4– | प्रतापनगर फैजा आम मस्जिद के सामने – 10 ऑटो रिक्शा |
| 5– | पावटा सी रोड, बीजेएस गैलेक्सी स्कूल के सामने गली नम्बर 16, हनवन्त बी– 5 ऑटो रिक्शा |
| 6– | सारण नगर बनाड रोड ओवरब्रिज के पास – 10 ऑटो रिक्शा |
| 7– | पांचवी रोड लाला लाजपत राय कॉलोनी – 10 ऑटो रिक्शा |
| 8– | माचिया जैविक पार्क कायलाना रोड – 10 ऑटो रिक्शा |



4.10.16

| | |
|---|---|
| 9— | मथुरादास माथुर गेट नम्बर–3, मातृ शिशु– 10 ऑटो रिक्शा |
| 10— | भदवासिया फल सब्जी मण्डी – 20 ऑटो रिक्शा |
| 11— | रातानाडा हरिजन बस्ती के बाहर सरस डेयरी के पास – 5 ऑटो रिक्शा |
| 12— | कृष्ण होस्पीटल 23 सेक्टर मेन रोड – 10 ऑटो रिक्शा |
| 13— | बालाजी हॉस्पीटल सेक्टर 25 नहर मेन रोड – 10 ऑटो रिक्शा |
| 14— | डालीबाई मंदिर के पास पाल बाईपास – 10 ऑटो रिक्शा |
| 15— | ओल्ड पब्लिक पार्क के एन कॉलेज के पास – 10 ऑटो रिक्शा |
| 16— | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर गेट नम्बर 3 – 10 ऑटो रिक्शा |
| 17— | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर गेटर नम्बर 4 – 10 ऑटो रिक्शा |
| 18— | भदवासिया पूल के नीचे, प्राईवेट बस स्टेण्ड – 10 ऑटो रिक्शा |
| 19— | चन्द्रभूषण हॉस्पीटल, महामंदिर रेलवे स्टेशन के सामने – 10 ऑटो रिक्शा |
| 20— | सूरसागर चौपड – 10 ऑटो रिक्शा |
| 21— | सूरसागर व्यापारी का मोहल्ला – 10 ऑटो रिक्शा |
| 22— | जीवन ज्योति अस्पताल चौपासनी रोड – 10 ऑटो रिक्शा |
| 23— | चौपासनी बाईपास तिराहा – 10 ऑटो रिक्शा |
| 24— | राईकाबाग बस स्टेण्ड पूर्व संख्या 20 वर्तमान में संख्या 60 ऑटो रिक्शा |

इसी प्रकार निम्नलिखित स्थानों पर ऑटो रिक्शा की संख्या बढाने की मांग की है। इस संबंध में भी अधीक्षण अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, उपायुक्त–पुलिस (यातायात), अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, आयुक्त नगर निगम के प्रतिनिधि की समिति गठित की जाती है। इस समिति के समन्वयक उपायुक्त–दक्षिण प्राधिकरण होंगे। उक्त समिति मौका निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

| | |
|---|---|
| 1— | घोडा का चौक पूर्व में संख्या 5 वर्तमान में 10 ऑटो रिक्शा की मांग |
| 2— | जोधपुर रेलवे स्टेशन पूर्व में संख्या 100 वर्तमान में 200 ऑटो रिक्शा की मांग |
| 3— | भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पूर्व में संख्या 20 वर्तमान में संख्या 50 ऑटो रिक्शा की मांग |
| 4— | राईकाबाग बस स्टेण्ड पूर्व में संख्या 20 वर्तमान में 60 ऑटो रिक्शा की मांग |
| 5— | राईकाबाग रेलवे स्टेशन पूर्व में संख्या 30 वर्तमान में 50 ऑटो रिक्शा की मांग। |

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(अरूण पुरोहित)
सचिव

कमांक/टीसीबी/2016/332 To.360 दिनांक :: 04 अक्टूबर, 2016

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर
2. महापौर महोदय, नगर निगम, जोधपुर
3. अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
4. जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर
5. पुलिस उपायुक्त–पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय एवं यातायात/पुलिस अधीक्षक–ग्रामीण, जोधपुर
6. आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर
8. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर

9. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
10. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर
11. अपर मुख्य अभियन्ता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
12. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
13. निदेशक–अभियांत्रिक / आयोजना / वित्त / विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
14. उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / उत्तर / दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
15. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम / द्वितीय / तृतीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
17. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यवाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबंधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित हे।
18. ........................................................................................................

(अरूण पुरोहित)
सचिव

परिशिष्ट–1

**दिनांक 3 अक्टूबर, 2016 को प्रातः 11.00 बजे श्री कैलाशचन्द्र मीना, आई.एएस. जोधपुर विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण**

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री विकास शर्मा, उपायुक्त पुलिस (मुख्यालय एवं यातायात) जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 2. | श्री अर्जुनसिंह, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 3. | श्री बुगलाल मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस (यातायात), जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 4. | श्री चन्द्रवीर, ए.आर.एम. राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर |
| 5. | श्री हनुमानमल ढाका, उपायुक्त–पूर्व, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 6. | श्री विरेन्द्रसिंह चौधरी, उपायुक्त–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 7. | श्री मोहनसिंह, उपायुक्त–दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 8. | श्री ओ.पी. फोफलिया, Raj. SGF, 23/293 CHB जोधपुर |
| 9. | श्री एम. उस्मान खान, कार्यकारी अधिकारी, Raj. SGF, 23/293 CHB जोधपुर |
| 10. | श्री श्यामलाल चौधरी, Raj. SGF, 23/293 CHB जोधपुर |
| 11. | श्री राजेन्द्र चौधरी, वाईस प्रेसीडेन्ट, ऑल इण्डिया बस एसोसिएशन, जोधपुर |
| 12. | श्री शंकरसिंह राठौड, सचिव, ऑल इण्डिया बस एसोसिएशन, जोधपुर |
| 13. | श्री प्रकाशसिंह राव, मेम्बर, ऑल इण्डिया बस एसोसिएशन, जोधपुर |
| 14. | श्री एस.एल. व्यास, अधिशाषी अभियन्ता कम तकनिकी सहायक, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 15. | श्री भँवरलाल चौधरी, अधिशाषी अभियन्ता–विद्युत, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 16. | श्री हिम्मतसिंह गहलोत, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 17. | श्री ओ.पी. सुथा, अधिशाषी अभियन्ता, डिस्कॉम, जोधपुर |
| 18. | श्री देवेन्द्रसिंह भाटी, ए.सी.एफ. जोधपुर |
| 19. | श्री रमेश मेहता, सहायक अभियन्ता, सिटी डिविजन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 20. | श्री रमेश जोशी, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 21. | श्री आर.पी. सोनी, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 22. | श्री चन्द्रप्रकाश, सहायक अभियन्ता–उत्तर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 23. | श्री सुबोध माथुर, सहायक अभियन्ता–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 24. | श्री अरूण पुरोहित, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |